| |
|---|
| दिनांक 07.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 308/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एसटीएफ–जनपद मुरादाबाद से वांछित रू0– 50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 06–06–2026 को एसटीएफ उ0प्र0 को मु0अ0सं0–14/2026 धारा 318(4), 338, 340(2), 336(3), 111(4) बी0एन0एस0 व 3/5।/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद में वांछित व रू0–50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त अशफाक उर्फ भूरा उर्फ नाजिम को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम–**

अशफाक उर्फ भूरा उर्फ नाजिम पुत्र अखलाक निवासी 48,49 गली नं0–22 ब्रहमपुरी, न्यू उस्मानपुर, पुर्वोत्तर दिल्ली।

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

मेंन रोड, चन्द्र विहार, थाना निहाल विहार, आउटर दिल्ली। दिनांक–06.06.2026 समय–करीब 21.20 बजे ।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाइयों को अभिसूचना संकलन व कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान उ0नि0 धूम सिंह के नेतृत्व में मु0आ0 संदीप कुमार, मु0आ0 नितिन कुमार, मु0आ0 हरिओम सिंह, मुख्य आरक्षी संजय यादव व मु0आ0 चालक मनोज कुमार अवस्थी की टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि कि जनपद मुरादाबाद के थाना मैनाठेर पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 14/2026 में वांछित व रूपये 50,000/– का पुरस्कार घोषित अशफाक उर्फ भूरा उर्फ नाजिम दिल्ली में मौजूद है, मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त अशफाक उर्फ भूरा उपरोक्त को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में अभियुक्त अशफाक उर्फ भूरा उर्फ नाजिम ने बताया कि उसके द्वारा ब्रेजा कार में गौवंशीय मांस भेजा जा रहा था, जिसे जनपद मुरादाबाद में थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा पकड़ा गया था, इस सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0 14/26 पंजीकृत हुआ था। इस अभियोग में यह वांछित चल रहा था एवं गिरफ्तारी हेतु रू0 50 हजार का पुरस्कार घोषित था। माह फरवरी–2026 में भी जनपद मुरादाबाद के थाना पाकबाड़ा क्षेत्रान्तर्गत एक गाडी में गौवंशीय मांस पकडा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना पाकबाड़ा पर मु0अ0सं0 37/26 धारा 61(2),340(2),340(1),336(3), 338,318(4) बी0एन0एस0 व 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व 3/25 ए एक्ट पंजीकृत हुआ था। उक्त मुकदमें में भी अभियुक्त अशफाक वांछित चल रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मु0अ0सं0– 14/2026 धारा 318(4), 338, 340(2), 336(3), 111(4) बी0एन0एस0 व 3/5।/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद में दाखिल किया गया व अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा की जा रही है ।

**<u>अभियुक्त अशफाक उर्फ भूरा का अपराधिक इतिहास</u>**

1–मु0अ0सं0–409/2012 धारा 393,394,397,34 भादवि थाना सीलमपुर दिल्ली।

2–मु0अ0सं0–डीओ नं0–21ए/2017 धारा 107/151 द0प्र0सं0 दिल्ली।

3–मु0अ0सं0–91/2020 धारा 411,414 भादवि थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद।

4–मु0अ0सं0– 192/2023 धारा 379 भादवि थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।

5–मु0अ0सं0–95/2023 धारा 25/27 शस्त्र अधि0 थाना अपराध शाखा आउटर दिल्ली।

6–मु0अ0सं0–14/26 धारा 340(2),336(1),318(4) बी0एन0एस0 व 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि0 थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद।

7–मु0अ0सं0–37/26 धारा 61(2),340(2),340(1),336(3),338,318(4) बी0एन0एस0 व 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व 3/25 ए एक्ट थाना पाकबाड़ा जनपद मुरादाबाद।

8–मु0अ0सं0–38/26धारा 61(2), 341(2), 340(1), 336(3), 338, 318(4), 317(5) बी0एन0एस0 थाना पाकबाड़ा जनपद मुरादाबाद ।

**जनपद श्रावस्ती/थाना सोनवा**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 06/07.06.2026 को थाना सोनवा व थाना को0भिनगा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गिलौला से नेवरिया के मध्य, पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त ननके घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना को0भिनगा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सोनवा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ननके निवासी लौकीपुरवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती।

**बरामदगी**

1—नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद बागपत/थाना बिनौली**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद**

दिनांक 06.06.2026 को थाना बिनौली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम दरकावदा मोड के पास से 03 अभियुक्तों 1–शोएब 2–आफताब आलम 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद, चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.05.2026 को थाना बिनौली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिनौली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त शोएब के विरूद्ध जनपद बागपत व हरिद्वार के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग एवं अभियुक्त आफताब आलम के विरूद्ध जनपद बागपत व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बिनौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शोएब निवासी भौसा रोड नागर कॉलोनी थाना मवाना जनपद मेरठ।

2–आफताब आलम निवासी शान्तिनगर थाना कृष्णनगर दिल्ली।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

3–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि।

## जनपद ललितपुर/थाना को0ललितपुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 07.06.2026 को थाना को0ललितपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–एलान्सी 2–रामसजीवन को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.06.2026 को थाना को0 ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना को0 ललितपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना को0 ललितपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–एलान्सी निवासी ग्राम सिंगेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर।

2–रामसजीवन निवासी ग्राम सिंगेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

## जनपद चन्दौली/थाना चन्दौली

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 06.06.2026 को थाना चन्दौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धरौली–बिहार मार्ग से चेकिंग के दौरान 05 अभियुक्तों 1–छबीले 2–अभिषेक कुमार उर्फ फौजी 3–शुभम कुमार 4–विशाल 5–राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना चन्दौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छबीले निवासी उदयरामपुर थाना चौनपुर, जनपद कैमूर बिहार।

2–अभिषेक कुमार उर्फ फौजी निवासी कल्यानीपुर थाना चौनपुर, जनपद कैमूर बिहार।

3–शुभम कुमार निवासी रतनपुरा थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली।

4–विशाल निवासी नई बाजार थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली।

5–राहुल निवासी नई बाजार थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 06 मोटर साइकिल।

———————